# साले की हत्या करने वाला जीजा गिरफ्तार

## रातीबड़ इलाके के डोबरा में मिला आरोपी, पुलिस ने जब्त किया हथियार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 दिसंबर. गुनगा थाना पुलिस ने आरोपी भूरा खान ने अपने ही साले अब्दुल खां की चाकू मार कर हत्या कर दी थी. मंगलवार को पुलिस ने आरोपी भूराखां को रातीबड़ इलाके में उसके ही गांव डोबरा के पास से हिरासत में लिया.**

आरोपी वारदात करने के बाद से 2 दिनों तक पुलिस की पकड़ से दूर रहा. पकड़ में आए आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी को उसका साला अब्दुल खां अपने घर कादमपुर ले गया था. इसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसने बदले की भावना से वारदात की. पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त कर लिया है. आरोपी जिस बाइक से मौके पर गया था, उसकी भी जब्ती की गई है. ड्राइवर अब्दुल खां का उसके दुल्हे भाई भूरा खां, निवासी ग्राम डोबरा रातीबड़ से पारिवारिक विवाद चल रहा था. उसी रात को करीब 9:30 बजे, जब अब्दुल खां गाड़ी के पीछे गया. तभी आरोपी भूरा खां हाथ में धारदार छुरा लेकर आया और अब्दुल के सीने और पेट में वार कर दिया.



**दो दिनों से फरार चल रहा था आरोपी**

**पुलिस की पूछताछ में अपराध किया कबूल**

> घायल अवस्था में अब्दुल को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया. आरोपी वारदात के बाद से फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी की तलाश में पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर दबिश देते हुए सीहोर और रायसेन जिले में भी तलाश की थी.

## स्क्रिप्ट राइटर ने आत्मदाह की दी चेतावनी

**भोपाल.** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र के अन्ना नगर निवासी एक युवा स्क्रिप्ट राइटर ने उसके साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है. पीड़ित ने इंसाफ नहीं होने पर 20 दिसंबर को सार्वजनिक स्थल पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी. स्क्रिप्ट राइटर ने डायरेक्टर पर ठगी का आरोप लगाया. पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उनकी लिखी हुई तीन स्क्रिप्ट पर फिल्म बनाते हुए डायरेक्टर ने 2 लाख रुपए देने का वादा किया, लेकिन फिल्म के रिलीज के बाद भी रुपए नहीं दिए. रुपए मांगने पर डायरेक्टर ने गुस्से में पीड़ित को गालियां देते हुए जान से मारने की भी धमकी दी. रवि वाल्मीकि ने बताया कि कई जगह शिकायती पत्र देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है.



## मेट्रो के शुभारंभ की तैयारियां शुरू

**भोपाल. सुभाष नगर मेट्रो डिपो पर मेट्रो के शुभारंभ को लेकर तैयारियां जोरों पर है.**

स्टेशन तक आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण का कार्य किया जा रहा है. 20 दिसंबर से शहर में मेट्रो का कार्मिशयल रन प्रारंभ होगा.

### एक नजर में

## 2 लाख का मादक पदार्थ बरामद, आरोपी पकड़ाया

**भोपाल.** क्राइम ब्रांच पुलिस ने कटारा हिल्स क्षेत्र में गांजा की अवैध तस्करी में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया. इलाके के मीनाक्षी प्लानेट सिटी कॉलोनी से आरोपी को दबोचा गया. पुलिस ने इस मौके पर एक दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन जब्त किया है. आरोपी के पास से 2 लाख से अधिक का मशरूका जब्त किया गया है. क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक अवैध मादक पदार्थ गांजा अपने पास रखकर उसे बेचने की फिराक में था, जिसे मौके पर पकड़ा गया. आरोपी ने अपनी पहचान सुभाष परमार निवासी मिसरोद के तौर पर बताई.

## डॉ रश्मि वर्मा मामले में जांच टीम पर उठे सवाल

**भोपाल.** आत्महत्या का प्रयास करने वाली एम्स की महिला डॉक्टर रश्मि वर्मा के मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी कार्रवाई कर रही है. अब इस मामले में कमेटी में शामिल सदस्यों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं. एम्स प्रबंधन ने डीन एकेडेमिक और मेडिकल सुपरिटेंडेंट सहित पांच सदस्यों की टीम बनाई गई है. टीम को पूरे घटनाक्रम और संभावित स्थल स्ट्रेस की जांच की रिपोर्ट सौंपी जानी है. नाम न छापने की शर्त पर डॉक्टरों ने बताया कि कमेटी में किसी बाहरी विशेषज्ञ या सदस्य को शामिल किया जाना उचित है. डॉ. रश्मि वर्मा की अब तक आई कुछ रिपोर्ट में यह जानकारी भी सामने आई है कि उन्होंने पहले की नींद की दवा ली थी. इसके बाद हाई-डोज एनेस्थीसिया ड्रग इंजेक्ट किया था. इस कारण से रश्मि का दिल सात मिनट तक बंद रहा था.

## अब तक 1 लाख 74 हजार 347 बकायादारों ने कराया पंजीयन

**भोपाल.** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 1 लाख 74 हजार 347 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 191 करोड़ 55 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 101 करोड़ 02 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं, जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं.

# आयुष पीजी में 103 सीटें खाली

## स्ट्रे वैकेंसी राउंड दो शुरू

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 दिसंबर. प्रदेश में आयुष स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए स्ट्रे वैकेंसी दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राजधानी भोपाल सहित इंदौर, रतलाम, रीवा, उज्जैन और ग्वालियर में संचालित आयुष के 15 पीजी कॉलेजों में एमडी और एमएस की कुल 103 सीटें अभी भी खाली हैं।**

इन सीटों पर प्रवेश एआईएपीजीईटी क्वालिफाइड डॉक्टरों के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से किया जा रहा है। संचालनालय आयुष के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए राज्य कोटा के तहत यह काउंसलिंग आयोजित की जा रही है। स्ट्रे वैकेंसी दूसरे चरण के अंतर्गत 16 दिसंबर को विकल्प भरने लॉक करने और संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिसके बाद 17 दिसंबर को प्रत्येक कॉलेज की मेरिट सूची जारी की जाएगी. 18 दिसंबर को अभ्यर्थियों को संबंधित महाविद्यालय में रिपोर्ट करना होगा।

महाविद्यालयों में रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट सूची भी उसी दिन तैयार की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 19 दिसंबर को शाम पांच बजे तक महाविद्यालय में प्रवेश लेना होगा।

> इसी दिन शाम छह बजे तक प्रवेश निरस्त कराने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्रदेश में आयुष पीजी के कुल 15 कॉलेज संचालित हैं, जिनमें छह शासकीय और 9 निजी संस्थान शामिल हैं। इन कॉलेजों में कुल 377 स्नातकोत्तर सीटें हैं। इनमें आयुर्वेद पीजी की 176 होम्योपैथी पीजी की 182 और यूनानी पीजी की 19 सीटें शामिल हैं। वर्तमान स्ट्रे वैकेंसी राउंड दो में आयुर्वेद की 16 और होम्योपैथी की 87 सीटें खाली हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने कहा कि आयुष विशेषज्ञ चिकित्सक बनने के लिए एआईएपीजीईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर विधिवत काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश लेना अनिवार्य है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्ट्रे वैकेंसी राउंड दो में शेष एमडी और एमएस की सीटें भर जाएंगी।



## वन मेला आज से

**भोपाल.** 11वां अंतरराष्ट्रीय वन मेला लाल परेड ग्राउंड पर बुधवार से प्रारंभ होगा. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मेले का उद्घाटन करेंगे. 'समृद्ध वन खुशहाल जन' थीम पर मेले का आयोजन किया जा रहा है.

# विशेष सत्र को लेकर सुरक्षा सख्त



**भोपाल, 16 दिसंबर. विधानसभा का विशेष सत्र बुधवार को आहूत होगा. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रमुख सचिव विधान सभा के पत्र पर पुलिस आयुक्त हरि नारायणाचारी मिश्र ने विशेष निर्देश जारी किए हैं.**

विधानसभा के आसपास के क्षेत्रों में 5 किलोमीटर तक धरना या प्रदर्शन न हो इसको लेकर सुबह 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक सत्रावसान तक मार्ग क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहेगा.

### इन मार्गों पर रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

1. लिली टॉकीज से 7 बटालियन के सामने वाला मार्ग, एमवीएम कॉलेज, एयरटेल तिराह से रोशनपुरा पहुंचने वाला मार्ग.
2. बाणगंगा चौराहा से जनसंपर्क कार्यालय से लोअर लेक मार्ग से राजभवन से ओल्ड विधानसभा चौराहा की ओर जाने वाला मार्ग.
3. जिंसी चौराहा से पुराना सीआईडी रेल अधीक्षक कार्यालय से शब्बन चौराहा होते हुए पुरानी जेल की ओर जाने वाला मार्ग.
4. स्लाटर हाउस रोड, मैदामिल से बोर्ड ऑफिस चौराहा.
5. झरनेश्वर मंदिर चौराहे से ठंडी सड़क, ठंडी सड़क से 74 बंगले के सबसे ऊपर वाली सड़क से होते हुए रोशनपुरा चौराहा.
6. पॉलिटेकनिक रोड/दूरदर्शन रोड/ भारत भवन रोड से माननीय सीएम निवास तक.
7. नवीन विधानसभा क्षेत्र से राजभवन क्षेत्र, मुख्यमंत्री निवास क्षेत्र, रोशनपुरा चौराहा से पत्रकार भवन एवं राजभवन की ओर जाने वाले समस्त मार्ग, विधायक विश्राम गृह के सामने वाला रोड, मैंदा मिल सड़क के ऊपर का समस्त क्षेत्र, बोर्ड ऑफिस चौराहा, 74 बंगला, ओमनगर, वल्लभ नगर का समस्त झुग्गी क्षेत्र, पत्रकार भवन, नवीन विधानसभा की ओर पहुंचने वाली सड़क, सतपुड़ा भवन, विंध्यान्चल भवन, वल्लभ भवन एवं अरेरा एक्सचेंज का क्षेत्र, नीलम पार्क थाना जहांगीराबाद, शाहजहांनी पार्क थाना तलैया, अंबेडकर पार्क थाना टीटी नगर, चिनार पार्क थाना एमपी नगर.

# डीजीपी ने पावरलिफ्टिंग विजेता को दी बधाई

## आरक्षक सौदान सिंह चौहान ने किया शानदार प्रदर्शन



**भोपाल, 16 दिसंबर. डीजीपी कैलाश मकवाणा से मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में पावरलिफ्टिंग की क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता आरक्षक सौदान सिंह चौहान ने भेंट की.**

मप्र पुलिस के जिला पुलिस लाइन उज्जैन में पदस्थ आरक्षक सौदान सिंह चौहान ने पावरलिफ्टिंग की क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया हैं. उन्होंने यह पदक क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता में 82 किग्रा भार वर्ग में हासिल किया है. डीजीपी मकवाणा ने आरक्षक को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई एवं निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाए दीं.

उन्होंने कहा कि पुलिस अपनी शारीरिक क्षमताओं को बढ़ाते हुए व्यावसायिक दक्षता भी सिद्ध कर रही है. डीजीपी ने कहा कि पुलिस बल के कर्मचारी जब खेलों में इस प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, तो यह पूरे विभाग के मनोबल को सुदृढ़ करता है. बता दें कि मप्र पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 23-24 नवंबर को उज्जैन में किया गया. इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 400 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की थी.

> ऑल इंडिया क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता 7 से 11 जनवरी तक फरीदाबाद, हरियाणा में आयोजित होगी. इस ऑल इंडिया क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता में आरक्षक सौदान सिंह चौहान मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे. इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित लगभग 800 खिलाड़ी भाग लेंगे. आरक्षक सौदान सिंह चौहान ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश के लिए स्वर्ण पदक अर्जित करने का हरसंभव प्रयास करेंगे.



## गोविंदपुरा में चरस बेचने की फिराक में तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल, 16 दिसंबर. क्राइम ब्रांच की टीम ने चरस तस्करी का खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई की है. गोविंदपुरा सब्जी मंडी क्षेत्र में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बड़ी मात्रा मादक पदार्थ जब्त किया है.**

आरोपी के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा. मिली जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि इलाके में एक युवक अवैध मादक पदार्थ चरस अपने पास रखकर बेंचने की फिराक में है. मौके पर पहुंची ने तस्कर को हिरासत में लेते हुए पूछताछ की. पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम देव सोनी (29) निवासी कोलार रोड बताया. पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान 22.33 ग्राम चरस बरामद किया. साथ ही आरोपी के कब्जे से मोबाइल को भी अपराध से संबंधित साक्ष्य होने के कारण जप्त किया गया. क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कार्रवाई की है.

## अपर महानिदेशक जनरल ने किया पद ग्रहण

**भोपाल.** मेजर जनरल जेपी सिंह ने भोपाल में राष्ट्रीय कैडेट कोर (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) निदेशालय के अपर महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया. मेजर जनरल जेपी सिंह, नेशनल डिफेंस एकेडमी खडकवासला, पुणे के पूर्व छात्र रहे हैं. जनरल ऑफिसर 19 दिसंबर 1992 को रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी में कमीशन हुए। अपने 33 वर्षों के शानदार करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण स्टाफ और इंस्ट्रक्टर पदों पर कार्य किया है.


